बिहार लोक सेवा आयोग, पटना

"प्रेस नोट"

आयोग द्वारा दिनांक 18.12.2024 एवम् दिनांक 19.12.2024 को विज्ञापन संख्या– 32/2024 (सहायक अभियंता, असैनिक) एवम् विज्ञापन संख्या– 33/2024 (सहायक अभियंता, यांत्रिक) के अन्तर्गत प्रतियोगिता परीक्षा निर्धारित है, जिसके सम्बन्ध में अभ्यर्थियों द्वारा ई–मेल एवम् अभ्यावेदनों के माध्यम से जानकारी देते हुये अनुरोध किया गया है कि उक्त तिथियों को रेलवे भर्त्ती बोर्ड द्वारा कनीय अभियंता की परीक्षा भी आयोजित की जा रही है, जिसके कारण आयोग द्वारा आयोजित की जाने वाली परीक्षा की तिथि को विस्तारित किया जाय।

उक्त परीक्षा की तिथि विस्तारित करने के संबंध में कहना है कि संघ लोक सेवा आयोग/राज्य लोक सेवा आयोगों एवं अन्य परीक्षा संस्थानों द्वारा पूर्व निर्धारित परीक्षा तिथियों को ध्यान में रखते हुये ही परीक्षा की तिथि निर्धारित की गयी है।

उक्त वर्णित तथ्यों के संबंध में स्पष्ट किया जाता है कि सहायक अभियंता (असैनिक) एवम् सहायक अभियंता (यांत्रिक) की प्रतियोगिता परीक्षा **पूर्व निर्धारित तिथि 18.12.2024 एवम् 19.12.2024 को आयोजित की जायेगी।**

आयोग से संबंधित सूचना आयोग के आधिकारिक वेबसाईट पर देखा जा सकता है।

परीक्षा नियंत्रक
बिहार लोक सेवा आयोग, पटना